Azadi Ka Amrit Mahotsav

# एपीडा ने गोली पॉप सोडा को नए रूप में हरी झंडी दिखाई - वैश्विक बाजारों के लिए भारत का मशहूर गोली सोडा

## गोली सोडा को फिर से लांच करना भारत के घरेलू पेय पदार्थों को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है

## गोली पॉप सोडा ने उपभोक्ताओं की मजबूत प्रतिक्रिया के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और खाड़ी बाजारों में सफलतापूर्वक प्रवेश किया

प्रविष्टि तिथि: 23 MAR 2025 11:26AM by PIB Delhi

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने पारंपरिक भारतीय गोली सोडा के वैश्विक पुनरुत्थान की घोषणा की है, जिसे गोली पॉप सोडा के रूप में पुनः लांच किया गया है। यह मशहूर पेय, जो कभी घर-घर में प्रचलित था, अपने नए रूप और रणनीतिक अंतरराष्ट्रीय विस्तार के कारण वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय वापसी कर रहा है।

इस उत्पाद ने पहले ही वैश्विक बाजारों में मजबूत पैठ बना ली है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप तथा खाड़ी देशों में उतारी गई खेप का सफल परीक्षण शामिल हैं। फेयर एक्सपोर्ट्स इंडिया के साथ रणनीतिक साझेदारी ने खाड़ी क्षेत्र की सबसे बड़ी खुदरा श्रृंखलाओं में से एक, लुलु हाइपरमार्केट को नियमित डिलीवरी सुनिश्चित की है। लुलु आउटलेट्स में हजारों बोतलें स्टॉक की गई हैं, जिन्हें लोगों की जबर्दस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

ब्रिटेन में, गोली पॉप सोडा तेजी से एक सांस्कृतिक घटना के रूप में विकसित हुआ है। यह उन उपभोक्ताओं को आकर्षित करता है जो पारंपरिक भारतीय स्वादों के मिश्रण को नए रूप में अपनाते हैं। यह विकास वैश्विक मंच पर भारत की समृद्ध पेय विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए, एपीडा ने 4 फरवरी 2025 को एबीएनएन द्वारा आयोजित लांच कार्यक्रम का समर्थन किया, जो गोली पॉप सोडा के आधिकारिक वैश्विक लॉन्च को चिह्नित करता है। इस कार्यक्रम ने प्रामाणिक, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय पेय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

बहुराष्ट्रीय पेय कंपनियों के प्रभुत्व के कारण लगभग लुप्त हो चुके गोली सोडा को फिर से बाजार में उतारना, प्रामाणिक, घरेलू खाद्य और पेय उत्पादों को बढ़ावा देने और निर्यात करने के भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आधुनिक पैकेजिंग के साथ पुरानी यादों को मिलाकर, गोली पॉप सोडा ने दुनिया भर के समकालीन उपभोक्ताओं के लिए इस प्रिय पेय को सफलतापूर्वक फिर से पेश किया है।

गोली पॉप सोडा को सबसे अलग बनाने वाली बात है इसकी नई पैकेजिंग, जिसमें एक अनोखा पॉप ओपनर है। एक बेहतर बाजार नीति ने अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों को आकर्षित किया है, जिससे यह पेय एक बेहतर उत्पाद के रूप में स्थापित हुआ है।

इसके अतिरिक्त, एपीडा ने 17-19 मार्च 2025 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) लंदन 2025 में गोली पॉप सोडा को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम ने भारतीय उद्यमियों और निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों से जुड़ने, नए व्यापार सहयोगी तलाशने और भारत के विविध कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया।

गोली पॉप सोडा सिर्फ़ एक पेय नहीं है- यह भारत की समृद्ध पाक विरासत और जीवंत पेय उद्योग का प्रमाण है। वैश्विक बाज़ारों में इस उत्पाद की बढ़ती सफलता यह साबित करती है कि घरेलू भारतीय स्वाद अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, भारतीय निर्यात के लिए नए रास्ते खोल सकते हैं और वैश्विक खाद्य और पेय क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मज़बूत कर सकते हैं।

****

**एमजी/केसी/जीके/एनके**

(रिलीज़ आईडी: 2114170) आगंतुक पटल : 414
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Bengali , Gujarati , Tamil , Telugu